जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

विश्व युवा कौशल दिवस
नवाचार प्रकोष्ठ
सत्र् 2023–24

दिनांकः– 15.07.2023

आज दिनांक 15/07/2023 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छात्राओं को अपने कौशल से भविष्य को उज्जवल करने हेतु डॉ. ज्योति सिडाना, सहायक आचार्य, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा द्वारा ''युवाओं में कौशल विकास हेतु जागरूकता'' विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होने कहा की शिक्षा एवं विश्लेषण के अंतर को समझना चाहिए। कौशल विकास हेतु सकारात्मक मानसिकता होनी चाहिए। डॉ. ज्योति सिडाना ने छात्राओं से संवाद के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये।

प्राचार्य डॉ. संजय भागर्व ने छात्राओं को शिक्षा के साथ अपनी कौशल प्रतिभाओं को पहचान कर उसे स्वरोजगार के रूप बढावा देते हुए अपने भविष्य निर्माण की ओर प्रगतिशील होने के लिए कहा। डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने उद्बोधन द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मतदाता साक्षरता क्लब की प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने ''विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम'' के अन्तर्गत छात्राओं को मतदाता सूची में पंजीकरण कराने एवं अपने आधार को मतदाता पहचान पत्र से लिंक कराने की जानकारी दी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् एफ.एम रेड़ियो आरजे सुमीत ने ''हर घर स्वथ्य'' थीम पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. स्मृति जौहरी, डॉ. पूनम जायसवाल, डॉ. काजल कुमावत, सुश्री राखी मेठी एवं समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. नितिका सिंह ने मंच संचालन किया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सरस्वती

प्रभारी
नवाचार प्रकोष्ठ

जेडीबी कॉलेज में युवा कौशल दिवस मनाया

कोटा। जेडीबी कॉलेज में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय सहायक आचार्य डॉ. ज्योति सिडाना ने युवाओं में कौशल विकास के लिए जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं विश्लेषण के अंतर को समझना चाहिए। कौशल विकास के लिए सकारात्मक मानसिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव एवं डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने संबोधित किया।

ajyoti.com कोटा, 16 जुलाई, 2023

विश्व युवा कौशल दिवस मनाया

शिक्षा और विश्लेषण का अंतर समझें युवा

नवज्योति/कोटा। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में शनिवार को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जेडीबी आर्ट्स की सहायक आचार्य डॉ. ज्योति सिडाना ने युवाओं में कौशल विकास के लिए जागरूकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं विश्लेषण के अंतर को समझना चाहिए। कौशल विकास के लिए सकारात्मक मानसिकता होनी चाहिए। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने छात्राओं को शिक्षा के साथ अपनी कौशल प्रतिभाओं को पहचान कर उसे स्वरोजगार के रूप बढ़ावा देने और भविष्य निर्माण की ओर प्रगतिशील होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने उद्बोधन द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मतदाता साक्षरता क्लब की प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदाता सूची में पंजीकरण कराने एवं अपने आधार को मतदाता पहचान पत्र से लिंक कराने की जानकारी दी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एफएम रेडियो आरजे सुमीत ने हर घर स्वस्थ्य थीम की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. नितिका सिंह ने मंच संचालन किया।

सरस्वती

प्रभारी

नवाचार प्रकोष्ठ